## खबर संक्षेप

### 7 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब और ऑटो जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** उचेहरा थाना पुलिस ने सक्रिय कार्रवाई करते हुए एक ऑटो से 07 पेटी अवैध अंग्रेजी व्हिस्की शराब जब्त की है और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई शराब और ऑटो की कुल कीमत 3,44,800 रुपये आँकी गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रेमलाल कुर्वे और एसडीओ नागौद रघु केशरी के मार्गदर्शन में,मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बाईपास ओवर ब्रिज रोड पर खड़ी एक नीले रंग की ऑटो **MP-19-ZM-**1705 को घेराबंदी कर पकड़ा। ऑटो में सवार दो व्यक्ति,आकाश साकेत उम्र 18 वर्ष,निवासी टिकुरिया टोला और एक विधि विरुद्ध किशोर बालक निवासी बिलहटा,हाल टिकुरिया टोला,को पकड़ा गया।तलाशी लेने पर ऑटो के अंदर से 07 कार्टूनों में भरी कुल 350 पाव (63 लीटर) अंग्रेजी गोवा व्हिस्की शराब मिली,जिसकी कीमत करीब 44,800 रुपये है। आरोपी अवैध शराब परिवहन/रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। ऑटो और शराब को जब्त कर पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि यह शराब नीरज पाठक निवासी उचेहरा ने ऑटो में रखवाई थी और वह ओवर ब्रिज के पास स्वयं आकर शराब लेने वाला था। थाना उचेहरा में आरोपी आकाश साकेत और विधि विरुद्ध किशोर बालक के विरुद्ध अप.क्र.459/25,धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस फरार आरोपी नीरज पाठक की तलाश कर रही है।

### दो दिवसीय नाम सिमरन एवं कीर्तन समागम

**सतना।** नानक दरबार साहिब,सिटी कोतवाली के पीछे स्थित गुरुद्वारा परिसर में 6 एवं 7 दिसंबर को दो दिवसीय नाम सिमरन एवं कीर्तन समागम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आध्यात्मिक कार्यक्रम गुरुद्वारा साहिब ब्रह्म-बुंगा डोडरा,पंजाब के तत्वावधान में आयोजित होगा। मीडिया प्रभारी जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल ने बताया कि इस समागम का उद्देश्य संगत को गुरबाणी कीर्तन,नाम सिमरन और आध्यात्मिक विचारों के माध्यम से भक्ति और श्रद्धा के भाव से जोड़ना है। कीर्तन व नाम सिमरन दो पालियों में हुआ। पहली पाली सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली शाम 4 बजे से रात 9:30 बजे तक चली। 7 दिसंबर रविवार को समापन दिवस पर समागम सुबह 4 बजे से शुरू होकर दोपहर 12बजे तक चलेगा। आयोजकों ने बताया कि सतना एवं आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में संगत के पहुंचने की संभावना है। यह दो दिवसीय आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आत्मिक शांति और भक्तिमय वातावरण का अनुभव करने का एक सुनहरा अवसर है।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण हेतु अपीलीय अधिकारी नियुक्त

**सतना।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा राजस्व अधिकारियों को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार डिप्टी कलेक्टर राहुल सिलाडिया जनपद पंचायत रामपुर बघेलान एवं सोहावल अंतर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायतों की अपील न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (शहर) सतना में सुनेंगे। इसीप्रकार डिप्टी कलेक्टर लच्छराम जांगडे जनपद पंचायत मझगवां,नागौद एवं उचेहरा अंतर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायत की अपील न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (ग्रामीण) सतना में सुनेंगे।

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर संदेश का प्रसारण आज

**सतना।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 2025 हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मध्यप्रदेश सहित सम्पूर्ण देश में 7 दिसम्बर को असीम गौरव के साथ मनाया जा रहा है।राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेश के सैनिकों, शहीदों के परिजनों,पूर्व एवं सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए कहा है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस हमारे सैनिकों के प्रति एकता और समर्थन का प्रतीक है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) ने बताया कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 2025 के अवसर पर संचालक सैनिक कल्याण म.प्र. ब्रिगेडियर अरूण नायर सेना मेडल (से.नि.) का संदेश दूरदर्शन भोपाल द्वारा डीडीएमपी चैनल पर 6 दिसम्बर को प्रातः 11.52 बजे प्रसारित किया जायेगा।

# महापौर का 'एक्शन' ऑन-द-स्पॉटः 12 लाख की नाली कवर तोड़ी! ठेकेदार को 'ब्लैकलिस्ट' करने की कड़ी चेतावनी

**सतना।**

**शहर में सार्वजनिक निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और घटिया गुणवत्ता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।**

इसी का सीधा प्रमाण शुक्रवार को देखने को मिला,जब महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने वार्ड 5 में 12 लाख रुपये की लागत से बन रहे नाली कवर का औचक निरीक्षण किया।



### मौके पर मिली 'गड़बड़ी', महापौर का सख्त निर्देश

झंकार टॉकिज से बर्दाडीह चौराहे तक चल रहे निर्माण कार्य में महापौर को घोर अनियमितता और गुणवत्ता मानकों का खुला उल्लंघन मिला।बिना देरी किए,महापौर ने मौके पर ही संबंधित नाली कवर को तोड़ने का आदेश दिया और ठेकेदार को नए सिरे से,शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का कड़ा निर्देश दिया।

### ठेकेदार पर तीसरी बार गाज गंभीर लापरवाही

महापौर ताम्रकार ने बताया कि ठेका कंपनी आयुषी बिल्डर्स को काम की कमजोर गुणवत्ता के लिए नगर निगम पहले भी दो बार नोटिस जारी कर चुका था। इसके बावजूद ठेकेदार ने कोई सुधार नहीं किया। महापौर ने इसे जनता के पैसों के साथ गंभीर लापरवाही करार दिया है।

### 'काम कराओ, वरना हो जाओगे ब्लैकलिस्ट'

इस अक्षम्य लापरवाही पर महापौर ने कार्यपालन यंत्री आरपी सिंह और सब इंजीनियर सुलभ पाठक को अंतिम चेतावनी जारी की हैः ठेकेदार से पूरा काम नए सिरे से दोबारा करवाया जाए। अन्यथा, आयुषी बिल्डर्स को तत्काल 'ब्लैकलिस्ट' करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी और पार्षद के.के. तिवारी भी मौजूद थे।महापौर ने दो टूक शब्दों में कहा कि सार्वजनिक निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी!

# 17 लाख का भैंस-पड़ा से भरा अवैध कंटेनर जब्त, 3 तस्कर गिरफ्तार

**सतना।**

देर रात पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए जबलपुर से उत्तर प्रदेश ले जाए जा रहे 26 भैंस-पड़ा से लदे एक कंटेनर ट्रक को बगदरा घाटी में धर दबोचा। जब्त किए गए मवेशियों की कीमत 7 लाख और कंटेनर ट्रक की कीमत 10 लाख,यानी कुल 17 लाख की संपत्ति जब्त की गई है। यह सनसनीखेज कार्रवाई गुरुवार रात बगदरा घाटी में हुई। मझगवां की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक एमएच 40 बीजी 7433 को पुलिस टीम ने रोका। जब वाहन की तलाशी ली गई, तो उसके अंदर ठूंस-ठूंस कर 26 भैंस-पड़ा लदे पाए गए।

### वैध दस्तावेज़ नहीं दिखा पाए तस्कर

पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों-ड्राइवर मोहम्मद अयाज 38, कानपुर,यूपी,और उसके सहयोगी मोहम्मद शहनवाज 35,जबलपुर,और मोहम्मद नदीम 26,जबलपुर को दबोच लिया। जब उनसे मवेशियों के खरीद-फरोख्त और परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज़ दिखाने को कहा गया,तो वे पूरी तरह नाकाम रहे।

### क्रूरता अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज, बड़े रैकेट की आशंका

वैध कागजात न मिलने पर पुलिस ने तत्काल प्रभाव से मवेशियों और



ट्रक को जब्त कर लिया। तीनों गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) की संबंधित धाराओं के तहत सख्त मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि मवेशियों को जबलपुर क्षेत्र से ही कंटेनर में अवैध रूप से लादा गया था। पुलिस अब इन आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है ताकि मवेशी तस्करी के इस अवैध परिवहन और खरीद-बिक्री में शामिल अन्य बड़े व्यापारियों और पूरे रैकेट का पर्दाफाश किया जा सके।

### नशीली गोली बेचने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार 2.0' के तहत नशे के अवैध कारोबार पर कड़ा प्रहार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र सिंह गहरवार और उनकी टीम ने गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई की। पुलिस टीम तत्काल सीवर प्लांट के पीछे,नजीराबाद पहुंची,जहां आरोपी अरबिन्द उर्फ मुन्ना वंशकार पिता सुदामा बंसकार उम्र 30 वर्ष, निवासी बजरहा टोला को घेराबंदी कर धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी के पास मौजूद झोले से 600 नग अवैध अल्प्राजोलम की नशीली गोलियां जब्त की गईं,जिनकी अनुमानित कीमत 5,400 है। आरोपी इन गोलियों को बेचने की फिराक में था और इसके संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 8/21/22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### मैहर में शराब के लिए पैसे न देने पर टेंट कर्मचारी से बर्बर मारपीटः दो रईसज़ादे भाई गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**मैहर।**

देर रात एक चौंकाने वाली और शर्मनाक घटना सामने आई,जिसने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। टेंट हाउस में काम करने वाले एक कर्मचारी छविलाल दाहिया को केवल इसलिए बेरहमी से पीटा गया क्योंकि उसने शराब पीने के लिए पैसे देने से इनकार कर दिया था। फरियादी छविलाल दाहिया ने पुलिस को बताया कि बीते रात करीब 10:20 बजे वह शुभारंभ गार्डन से गद्दे लेकर गगन पाण्डेय के घर देने जा रहा था। इसी दौरान सिंधी कॉलोनी निवासी विजय सावलानी उर्फ गोरा वहाँ पहुंचा और तुरंत उनसे गाली-गलौज करते हुए शराब के लिए 500 की मांग करने लगा। जब छविलाल ने पैसे न होने की बात कही,तो विजय ने तैश में आकर उस पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया,जिससे छविलाल के सिर के बाईं ओर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। हमले के बीच ही,आरोपी का बड़ा भाई अजय सावलानी उर्फ अज्जू भी मौके पर पहुँच गया और अपने भाई का साथ देते हुए पीड़ित को अभद्र गालियाँ दीं और जान से मारने की धमकी दी। गगन पाण्डेय और कपिल पाण्डेय ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को अलग किया और स्थिति को बिगड़ने से बचाया।

**सरनेम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विवाह पूर्व मेरा नाम सोनालिका शुक्ला तनया श्री पुष्पेन्द्र शुक्ला था। जबकि दिनांक 21/02/2019 को मेरा विवाह हो जाने के उपरांत मेरा सरनेम परिवर्तित होकर सोनालिका त्रिपाठी पत्नी श्री सतीश कुमार त्रिपाठी हो गया है । अतः आज दिनांक से समस्त अभिलेखों में मुझे सोनालिका त्रिपाठी के नाम से जाना-पहचाना व पढ़ा-लिखा जाय ।

भवदीय
सोनालिका त्रिपाठी पत्नी श्री सतीश कुमार त्रिपाठी
निवासी ग्राम-बढ़ैया पो.- पड़खुरी
तह.- रामपुर बाघेलान जिला सतना (म.प्र.)

## मैहर में नशे का 'अंधेरा': परिवारों को उजाड़ने वाली चुनौती युवाओं को बचाने के लिए समाज को आगे आना होगा

**मैहर।**

मैहर शहर में नशे का बढ़ता जाल आज समाज और प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह केवल एक कानूनी समस्या नहीं,बल्कि एक सामाजिक महामारी है जो युवाओं और परिवारों को भीतर से खोखला कर रही है। आईजी गौरव राजपूत के अभियान से पुलिस को भले ही ड्रग सप्लायरों पर कार्रवाई करने और अवैध गिरोहों का भंडाफोड़ करने में लगातार सफलता मिल रही है,लेकिन समस्या की जड़ें गहराई तक पहुँच चुकी हैं। शराब, गांजा,कोरेक्स,अफ़ीम और सिंथेटिक ड्रग्स की आसान उपलब्धता ने स्थिति को और भी भयावह बना दिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि नशे का जाल युवाओं को पैसों के लालच में फँसाकर धीरे-धीरे अपराध और बर्बादी की ओर धकेल रहा है। चिंताजनक बात यह है कि एक युवा के नशे की लत में पड़ने से पूरा परिवार तबाह हो जाता है। माता-पिता की उम्मीदें टूट जाती हैं,घरों की खुशियाँ छिन जाती हैं और रिश्ते दरक जाते हैं। आईजी राजपूत का मानना है कि इस समस्या को केवल पुलिस बल के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। यह पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सामाजिक संगठनों और पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया हैः "नशा एक व्यक्ति को नहीं,पूरे समाज को बर्बाद करता है। युवा पीढ़ी को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।" विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक मोहल्ला, गाँव, परिवार और शिक्षण संस्थान मिलकर जागरूकता नहीं बढ़ाएंगे,तब तक युवाओं को नशे के इस बढ़ते कुचक्र से बचाना आसान नहीं होगा। समाज को अब नशे के खिलाफ मज़बूती से एकजुट होकर खड़ा होना होगा।

### जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त

**सतना।** सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सतना जिले को जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम में शामिल किया गया है। कार्यक्रम के प्रभावी संचालन पर्यवेक्षण एवं डीडीएचआई आधारित तकनीकी कार्ययोजना के समुचित क्रियान्वयन के उद्देश्य से कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा अपर कलेक्टर सतना को नोडल अधिकारी तथा डीएसपी यातायात को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियुक्त किये गये अधिकारी जिला सडक सुरक्षा समिति के माध्यम से डीडीएचआई आधारित तकनीकीनीतियों के सुसंगत एवं प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेंगे। नोडल अधिकारी के दायित्वों में आईआरएडी एवं ई-डीएआर पुलिस सहित उपलब्ध सभी स्त्रोतों से दुर्घटना संबंधी डेटा का संकलन विश्लेषण एवं दुर्घटना बाहुल्य स्थल की पहचान करते हुए उनके भौतिक परीक्षण सत्यापन की व्यवस्था करना,पुलिस लोक निर्माण विभाग एनएचएआई, एमपीआरडीसी ट्रैफिक एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ अंतरविभागीय समन्वय स्थापित कर आवश्यक सुधारात्मक उपायों की कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वित कराना,आईआईटी मद्रास के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फार रोड सेफ्टी द्वारा प्रदत्त डीडीएचआई तकनीकी सहयोग के लिए आवश्यक समस्त सूचनायें नियमित रूप से प्रेषित करेंगे। कार्यक्रम के तहत आयोजित की जाने वाली वर्चुअल अलायमेंट मीटिंग समीक्षा बैठकें तथा इम्पैक्ट एसाईमेंट रिपोर्ट तैयार कर जिला प्रशासन को प्रस्तुत करना तथा कार्यक्रम से संबंधित सभी अभिलेखों का संधारण तथा प्रगति की साप्ताहिक रिपोर्ट कलेक्ट्रेट में प्रस्तुत करना शामिल है। नोडल अधिकारी जीरो फैटलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम में सम्मिलित अन्य बिन्दुओं का क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करेंगे।

### डीआईजी ने मैहर सिटी कोतवाली का किया निरीक्षण अपराध और नशे के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' के सख्त निर्देश

**मैहर।** रीवा जोन के डीआईजी हेमंत सिंह चौहान ने मैहर सिटी कोतवाली थाना का आवश्यक निरीक्षण किया। इस दौरान डीआईजी ने पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह,सीएसपी महेंद्र सिंह और थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी सहित संपूर्ण पुलिस बल के साथ एक दरबार लगाया। निरीक्षण के दौरान,डीआईजी चौहान ने मैहर क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों और विशेषकर नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस बल को 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि वर्ष के आखिरी महीने में किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को पनपने न दिया जाए। यह निर्देश आने वाले समय में मैहर में पुलिस की सक्रियता और सख्ती को बढ़ा सकते हैं।

### पत्नी पर पेट्रोल डालकर आग लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सतना।** पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देश पर उचेहरा थाना पुलिस ने सक्रिय कार्रवाई करते हुए मारपीट कर जान से मार डालने की नीयत से अपनी पत्नी के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रेमलाल कुंवर और एसडीओपी नागौद रघु केशरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उचेहरा और उनकी टीम ने इस गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई की। घटनाक्रम के अनुसार फरियादिया सुकबिरया बंसल ने थाना उचेहरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके दामाद गुलशन बंशकार और जेठानी रेनू उर्फ पुत्ता बंशकार ने शंका के चलते उसकी लड़की रागिनी बंसल (बदला हुआ नाम) के साथ मारपीट की और फिर जान से खत्म करने की नीयत से उसके ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पीड़िता का इलाज इस समय जबलपुर में चल रहा है। रिपोर्ट के आधार पर थाना उचेहरा में अपराध क्रमांक 458/25 धारा 85,109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध कायम किया गया। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी गुलशन बंसल (उम्र 27 वर्ष,निवासी इचौल) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।


हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
**सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम**

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा बर्मा पिता\पति सुन्दर लाल बर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति बिरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२ , 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. बी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति एँम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होंगे विधानसभा अध्यक्ष



**पन्ना।** म.प्र. विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर 6 दिसम्बर को पन्ना प्रवास पर रहेंगे। विस अध्यक्ष श्री तोमर शनिवार को दोपहर 2:20 बजे खजुराहो से सड़क मार्ग द्वारा पन्ना रवाना होंगे। शाम 4 बजे धरमसागर तालाब पन्ना में बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा के भव्य अनावरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5 बजे खजुराहो प्रस्थान करेंगे।

### दो तेज रफ्तार मोटर बाइक आपस में आमने-सामने, दोनों ही बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गुनौर-अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम घटारी के पास दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिल आमने-सामने टकरा जाने से दोनों ही बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय राहगीरों की मदद से अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया जहां दोनों ही बाईक चालकों का प्राथमिक उपचार करने के साथ ही चिकित्सक ने उन्हें जिला चिकित्सालय ले जाने की सलाह दी। घटना में रामस्वरूप पिता मिहिलाल राजपूत उम्र 70 वर्ष एवं दोस लाल आदीवासी 32 वर्ष निवासी बोदा घटना मे गंभीर रूप से घायल हुए दोनो को अमानगंज से पन्ना के लिए रि फ र किया गया।

### प्रधानमंत्री नल-जल योजना की राशि डकार गए अधिकारी

**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर घर नल से जल पहुंचने के उद्देश्य से योजना शुरू की गई थी लेकिन महत्वपूर्ण योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। पन्ना जिले में नल जल योजना के अंतर्गत नल से जल तो नहीं निकला लेकिन अधिकारियों और ठेकेदारों के जेब के लिए धन पर्याप्त निकला है। ताजा मामला पन्ना जिले में ग्राम पंचायत मुटवा कलॉ में लाखों की लागत से बनाई गई नल-जल योजना भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों के अनुसार योजना की टंकी बनने के बाद मात्र एक माह तक पानी आया, इसके बाद बीते एक साल से पूरी व्यवस्था बंद पड़ी है। इससे गांव के सैकड़ों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार पंचायत सचिव, सरपंच और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, एक माह ग्रामीणों को पानी मिलने पर खराब पड़ी आज दिनांक तक नल-जल योजना दोबारा शुरू नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजनाएं सिर्फ कागजों में ही चालू दिखाई जा रही हैं, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल विपरीत है। स्थिति यह है कि आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूलों में लगाई गई नल-जल योजनाएं भी पूरी तरह बंद पड़ी हुई हैं। इससे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और शिक्षण कार्य में भी भारी परेशानी हो रही है। मजबूरी में ग्रामीणों को कुएं, हैंडपंप और दूर-दराज के जल स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की "हर घर जल" योजना का लाभ उन्हें आज तक सही तरीके से नहीं मिल पाया। अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### एक प्रकरण में ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने एक प्रकरण में 03 आरोपियों पर 06 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना तेजगढ़ के अपराध क्रमांक 166/25 धारा 331(4), 305 (a) बीएनएस के तहत अरोपी मंगल पिता शंकर वंशकार निवासी कैदों की तलैया थाना कोतवाली दमोह, राहुल अहिरवार पिता नन्हें अहिरवार उम्र 18 साल निवासी किशन तलैया थाना दमोह देहात एवं सरमन बर्मन पिता भैयन उम्र 26 साल निवासी किशन तलैया थाना दमोह देहात पर 02-02 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है।

# बिना अनुमति के अवैध रूप से डीजे संचालन करने वाले 3 आरोपियों पर की गई वैधानिक कार्यवाही

## आरोपियों के कब्जे से डी जे मशीन, जनरेटर, स्टेब्लाइजर, मिक्सर मशीन एवं 02 वाहन सहित करीब 12 लाख रूपये का मशरूका जप्त



**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा कोलाहल अधिनियम संबंधी जारी दिशानिर्देशों तथा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशों के पालन में, पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को नियम विरूद्ध अथवा सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना डीजे/ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गये हैं। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा द्वारा कस्बा पन्ना में नियम विरूद्ध अथवा किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना कस्बा में डी जे संचालन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध अलग अलग दिनांक को वैधानिक कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना के नेतृत्व में पुलिस थाना कोतवाली पन्ना में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 02.12.2025 इन्द्रपुरी कॉलोनी, पन्ना एवं दिनांक 05.12.2025 को एवर साइन गार्डन के सामने, पन्ना में बिना अनुमति तेज आवाज में डीजे बजाने वाले 03 व्यक्तियों के विरूद्ध थाना कोतवाली पन्ना में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अप.क्र. 1000/25 एवं 1006/25 कायम किये जाकर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

**जप्त सामग्री -** पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से 02 डीजे मशीन, 02 मिक्सर मशीन, 14 छोटे बड़े साउंड बॉक्स, 03 एम्पलीफायर, 02 स्टेब्लाइजर, 02 जनरेटर, 01 पिकप वाहन एवं एक कमांडर वाहन कुल मशरूका कीमती करीब 12 लाख रूपये का जप्त किया गया है।

**सराहनीय योगदान -** उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, सउनि सुभाषचन्द्र, कुंजबिहारी कोल, प्रआर सुनील पाण्डेय, बृषकेतू रावत, संतोष तोमर, आरक्षक अभिषेक यादव, प्रसंग मिश्रा, राहुल सूर्यवंशी, संदीप पटेल एवं अन्य थाना स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

# अमानगंज में स्वच्छता अभियान के तहत कटनी रोड व बायपास रोड से कचरा हुआ संग्रहित



**अमानगंज।** नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि कपूर गढ़पाले के निर्देशानुसार नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कटनी रोड तथा अमानगंज बायपास रोड पर फैले कचरे को व्यवस्थित रूप से उठाकर साफ-सफाई की गई। इस कार्य में सफाई व्यवस्था की कमान सफाई दरोगा काशीराम बाल्मिक ने संभाली, जिनके मार्गदर्शन में सफाईकर्मियों की टीम ने दोनों मार्गों पर सुबह से ही सफाई कार्य शुरू किया और पूरे क्षेत्र को कचरा-मुक्त करने का प्रयास किया। नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाना है। अधिकारियों ने नागरिकों से भी स्वच्छता बनाए रखने व कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालने की अपील की है।

### स्वर्गीय महेंद्र लोधी की स्मृति में होगा आयोजन

# आगामी 14 दिसंबर से होगा पवई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत




**पवई।** विगत कई वर्षों से पवई के महाराजा छत्रसाल खेल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होता रहा है,जिसका उद्देश्य क्षेत्र की गुमनाम खेल प्रतिभाओं को सामने लाना रहा है। हमेशा से ही पवई के वरिष्ठ खिलाड़ियों के द्वारा लगातार समाजसेवियों व नगर वासियों के सहयोग से इस तरह के आयोजन किए जाते रहे हैं। इसके लिए एक बार फिर पवई का महाराजा छत्रसाल मैदान तैयार है। इसी के तहत आगामी 14 दिसंबर से पवई विधायक प्रहलाद लोधी के दिवंगत बेटे स्वर्गीय महेंद्र लोधी की स्मृति में पवई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। टूर्नामेंट में टीम इंट्री की अंतिम तिथि 12 दिसंबर है। इस टूर्नामेंट की जीतने वाली विजेता टीम को 51 हजार की राशि के साथ विजेता ट्रॉफी, तो वही उप विजेता टीम को 21 हजार की राशि के साथ में उपविजेता की ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पवई विधायक एवं समस्त पवई विधानसभा क्षेत्र वासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

# अजयगढ़ थाना के बीरा चौकी क्षेत्र अन्तर्गत महेश्वरी माता मंदिर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा, आरोपी को किया गया गिरफ्तार

## आरोपी के कब्जे से 2 चाँदी के मुकुट एवं दो ताले घटना में प्रयुक्त औजार किये गये जप्त



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान एवं एसडीओपी अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना अजयगढ़ एवं चौकी बीरा पुलिस टीम द्वारा महेश्वरी माता मंदिर, खोरा मझपटिया में हुई चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया है। दिनांक 18-19 नवम्बर की दरम्यानी रात्रि किसी अज्ञात आरोपी द्वारा महेश्वरी माता मंदिर का ताला तोड़कर अंदर रखी दानपेटी का कुन्दा तोड़ा गया था तथा मंदिर में स्थापित छोटी एवं बड़ी महेश्वरी माता की मूर्तियों पर चढें दो चांदी के मुकुट व दानपेटी में रखी चढ़ोत्री राशि चोरी कर ली गई थी। प्रकरण की सूचना खोरा मझपटिया निवासी फरियादी द्वारा थाना अजयगढ़ में लिखाई गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर थाना अजयगढ़ एवं चौकी बीरा के अधिकारियों/कर्मचारियों की एक विशेष टीम गठित की गई। टीम नेकृ आसपास के संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की निगरानी, घटनास्थल के आस-पास तलाशी, तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर तंत्र के सक्रिय उपयोग कर मुखबिर से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम खमहरिया निवासी रामचन्द्र आरख पिता जगदीश आरख उम्र 20 वर्ष को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने उक्त घटना को स्वीकार करते हुये दानपेटी से 3100/- नगदी चोरी करने एवं चांदी के 02 मुकुट को चोरी कर मंदिर के पीछे जंगल की झाड़ियों में छिपा देना बताया गया। जिस पर पुलिस टीम चोरी गए दो चांदी के मुकुट ,मुकुट के साथ छिपाए गए सम्बंधित सामग्री 01 सांग 02 ताले, जंगल की झाड़ियों से बरामद की गई।

**सराहनीय योगदान-** थाना प्रभारी अजयगढ़ बखत सिंह ठाकुर, चौकी प्रभारी बीरा सउनि रामकृष्ण पाण्डेय, प्र.आर. तेजभान, आर. अमित द्वेदी, संजू एवं सैनिक लखन सिंह का सराहनीय यौगदान रहा।

# कृष्ण जन्म में झूमें श्रोता, श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन हुआ भगवान श्री कृष्ण का जन्म

### भगवान कृष्ण का जन्म, आतिशबाजी चली आयोजन में, नाना प्रकार के पकवान पाकर आनंदित हुए भक्त





**अमानगंज।** हिंदू सनातन संस्कृति के प्रमुख धर्म ग्रंथ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन अमानगंज नगर के वार्ड क्रमांक 06 मे नगर के प्रतिष्ठित धार्मिक व्यापारिक छिरोलिया परिवार द्वारा आयोजित की जा रही है कथा में हमारे राष्ट्रीय संत पंडित रामदुलारे पाठक जी के मुखारविंद से कथा का रसपान आयोजन में उपस्थित सभी धर्म प्रेमी बंधु और कथा के मुख्य श्रोता श्रीमती मीरा डॉ रामप्रीत छिरोल्या रसपान कर रही हैं आज कथा के पाचवे दिन जैसे ही भगवान श्री कृष्ण जी का जन्म उत्सव कथा में हुआ हर किसी भक्त के मुख पर एक ही आनंद बरस रहा था नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की और जय कन्हैया लाल की धुन से सारा आयोजन स्थल गूंज रहा था एक और भक्ति कन्हैया लाल को सर पर रखकर नाच रहे थे तो दूसरी ओर आनंद भाव में भारी आतिशबाजी का आनंद कन्हैया लाल जी के भक्त करते देखे जा रहे थे राष्ट्रीय संत राम दुलारे पाठक जी ने आज अपनी कथा के अंतर्गत भक्तों को ऐसे ऐसे बिंदु बताएं और मंच से इन बिंदुओं को अपने जीवन में उतार कर सतयुग के दर्शन कर जीवन को सफल बनाने की अपील की जो हमारे मुख्य धर्म ग्रंथो में बताएं जा रहे हैं। आपने कहा कथा तो हर व्यक्ति पढ़ता है और उसका आनंद लेता है परंतु उसका अनुसरण अर्थात उसे अपने जीवन में नहीं उतरता यदि यह जीवन में उतर जाए तो आज ही हमें सतयुग चारों ओर दिखाई देगा पृथ्वी लोक में बड़े अपराधों की रोकथाम और भक्तों की सुरक्षा हेतु भगवान श्री लक्ष्मी नारायण कृष्ण जी के रूप में पृथ्वी लोक पर पहुंचे आज कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आनंद लाभ लेने के लिए भारी संख्या में स्थानीय और क्षेत्रीय भक्तगण पहुंचे जिन्होंने भारी आनंद के बीच भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया हर व्यक्ति को विशेष प्रसाद गुड़ के लड्डू के रूप में छिरोलिया परिवार द्वारा वितरित किया गया फोटो।

# पन्ना में 'लोकतंत्र की पाठशाला'- छात्रों ने मंचित की जीवंत ग्राम सभा, सीखें लोकतांत्रिक अधिकार





**पन्ना।** जवाहर नवोदय विद्यालय रमखिरिया में आज सोमवार, 24 नवम्बर की शाम 4 बजे एक अनूठा शैक्षणिक प्रयोग देखने को मिला, जब छात्रों ने वास्तविक माहौल में 'ग्राम सभा' का मंचन कर लोकतंत्र की बारीकियों को जीवंत कर दिया। छात्रों ने सरपंच, उप-सरपंच और पंच की भूमिकाओं को निभाते हुए ग्रामीण विकास प्रस्तावों की तैयारी, अनुमोदन की प्रक्रिया और बिजली, पानी, सड़क तथा स्वच्छता जैसी जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों की इस प्रस्तुति ने दिखाया कि एक जागरूक ग्राम सभा किस तरह गांव की दिशा और दशा बदल सकती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह यादव उपस्थित रहे, वहीं विशिष्ट अतिथियों में अरविंद सिंह यादव, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष पन्ना रूपेश कुमार जैन (फल्ले), सचिन कुमार मिश्रा, तथा विद्यालय के प्राचार्य आर. पटेल शामिल रहे। बृजमोहन सिंह यादव ने बच्चों को पंचायती राज की संरचना और अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं अरविंद सिंह यादव ने ग्राम पंचायत, विधानसभा और लोकसभा के कार्यों की तुलना करते हुए कहा कि "जिस प्रकार पंचायत में पंच महत्वपूर्ण होते हैं, उसी प्रकार लोकतंत्र में विधायक और सांसद की भूमिका अहम होती है, इसलिए हर नागरिक को अपने अधिकारों को समझना ज़रूरी है। कार्यक्रम विनोद कुमार तिवारी और संतोष कुमार त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पहल ने छात्रों में नागरिक चेतना और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति नई समझ विकसित की। पन्ना के छात्रों ने दिखाई लोकतंत्र की मिसाल, 'ग्राम सभा' का सजीव मंचन देखकर अतिथि भी हुए प्रभावित।'

# शासन की योजना एवं सुविधाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिले- कलेक्टर

## ग्राम बरियारपुर भूमियान में हुई आकांक्षी ब्लॉक अजयगढ़ की खंडस्तरीय अंतर विभागीय समीक्षा बैठक







**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने कहा है कि आकांक्षी ब्लॉक अजयगढ़ में विभागवार निर्धारित पैरामीटर अनुसार विभागीय योजनाओं में शत प्रतिशत सेचुरेशन के लिए अधिकारी-कर्मचारी समन्वित प्रयास करें। शासन की योजना व सुविधाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को तय समयावधि में मिले। स्वास्थ्य एवं महिला व बाल विकास विभाग द्वारा आपसी समन्वय के जरिए एएनसी जांच के लिए सभी पात्र गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कर संस्थागत प्रसव की स्थिति में भी सुधार लाएं। कम वजन वाले बच्चों का चिन्हांकन कर विशेष क्षेत्र में मैदानी कर्मचारियों द्वारा घर घर संपर्क कर विकासखण्ड को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास किया जाए। जिला कलेक्टर ने शुक्रवार को अजयगढ़ विकासखंड के ग्राम बरियारपुर भूमियान में आयोजित अजयगढ़ ब्लॉक की खंड स्तरीय अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। इस मौके पर विभागवार प्रगति की समीक्षा की गई और संबंधित विभागवार निर्धारित सूचकांकों में संतृप्ति के लिए मिशन मोड में कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि प्रत्येक विभाग द्वारा कार्य मुताबिक वास्तविक आंकड़ों का ही विभागीय पोर्टल पर इंद्राज किया जाए। उन्होंने कहा कि चिन्हांकित टीबी मरीजों को निर्धारित अवधि तक निरंतर दवा सेवन के लिए प्रेरित करें। इनकी नियमित रूप से काउंसलिंग भी की जाए। अजयगढ़ ब्लॉक के चिन्हांकित हितग्राही परिवार को पोषण स्तर में सुधार के लिए न्यूट्री बॉस्केट के वितरण, हाइपरटेंशन, डायबिटीज और सिकल सेल एनीमिया की उचित जांच कर शिविर के माध्यम से आयुष्मान एवं आधार कार्ड तथा जन्म प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने टेक होम राशन वितरण की समुचित व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए तथा पांच साल से कम आयु के बच्चों के वजन मापन एवं पोषण स्तर की जांच कर आवश्यक होने पर एनआरसी में भर्ती कराने के लिए भी निर्देशित किया। साथ ही सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय व्यवस्था के संबंध में पुनः सर्वे एवं रिव्यू के महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक में ओडीएफ सहित भारत नेट परियोजना को फंक्शनल कराने तथा महिलाओं के नव स्वसहायता समूह के गठन सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी को स्कूलों के निरीक्षण तथा नामांकन अनुरूप बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए कहा। बालिका शौचालय की स्थिति और गत वर्ष के हाईस्कूल परीक्षा परिणामों के संबंध में जानकारी लेकर एसडीएम एवं सीईओ को विभिन्न स्कूलों में वन लाइनर टेस्ट के तैयारी के निरीक्षण के निर्देश भी दिए। बैठक में एफपीओ के गठन, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण कार्ड, पीएम किसान, फॉर्मर रजिस्ट्री तथा पशुओं के टीकाकरण सहित विभागवार जागरूकता गतिविधियों की जानकारी ली गई।

### मैदानी अधिकारी-कर्मचारी ईमानदारी से करें दायित्वों का निर्वहन

जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश के 100 आकांक्षी विकासखंड में अजयगढ़ को भी शामिल किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के साथ ही विभिन्न सेवाओं को सुगमतापूर्वक हितग्राही तक पहुंचाना है। इसलिए पटवारी, रोजगार सहायक, सचिव, आशा, आंगनवाड़ी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित संबंधित विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी ईमानदारी से कार्य कर अपने दायित्वों के प्रति सजग एवं कटिबद्ध रहें। आगामी दिवसों में भारत सरकार की टीम द्वारा आकांक्षी ब्लॉक के किसी गांव के भ्रमण के संबंध में अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि विभागवार गतिविधियों के क्रियान्वयन संबंधी रिकॉर्ड का विधिवत संधारण भी किया जाए। विभिन्न पैरामीटर में अव्वल आने का सार्थक प्रयास करें। समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को समय सीमा में वांछित कार्यों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक स्थल पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया। जिला कलेक्टर ने ग्रामवासियों की समस्याएं भी सुनीं। इस अवसर पर एसडीएम आलोक मार्को, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार एवं जनपद पंचायत सीईओ सतीश नागवंशी भी उपस्थित रहे।

### स्कूल निरीक्षण के दौरान छात्रा ने सुनाया पहाड़ा, आंगनवाड़ी केंद्र भी देखा

कलेक्टर श्रीमती परमार ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान सिंहपुर स्थित शासकीय माध्यमिक शाला एवं परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान शिक्षक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति का अवलोकन कर मध्यान्ह भोजन के मीनू अनुसार वितरण तथा गुणवत्ता भी परखी। जिला कलेक्टर ने बच्चों से संवाद कर शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों की जानकारी ली। कक्षा 8वीं की छात्रा से 19 का पहाड़ा भी सुना। बच्चों से संवाद कर गणवेश एवं किताब वितरण के बारे में पूछा। सभी विद्यार्थी कलेक्टर के स्कूल आगमन पर उत्साहित थे और आत्मीय भाव से अधिकारियों का स्वागत किया। बच्चों ने बारी बारी से अपनी अध्ययन एवं दैनिक गतिविधियों की जानकारी साझा की। कलेक्टर ने बच्चों को सफलता के टिप्स दिए और आत्मविश्वास के साथ पूरे मनोयोग से लक्ष्य निर्धारित कर बेहतर भविष्य की दिशा में परिश्रम कर आगे बढ़ने की सलाह भी दी। हेडमास्टर यमुना प्रसाद कोंदर से शाला विकास संबंधी कार्यों और विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन निर्माण कक्ष के बाहर साफ सफाई का अभाव एवं आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों की कम उपस्थित पाए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त कर सुधार के सख्त निर्देश भी दिए गए। पेयजल एवं शौचालय की बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देशित किया गया।

### बरियारपुर डैम एवं स्वास्थ्य केन्द्र का अवलोकन

कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ बरियारपुर स्थित डैम का अवलोकन किया और उत्तर प्रदेश के बांदा मंडल अंतर्गत पन्ना जिले में केन कैनाल सिस्टम की जानकारी ली। छतरपुर जिले के सीमा क्षेत्र से सटे प्राचीन बांध के जल भराव व विभिन्न अवयवों एवं निर्माण स्ट्रक्चर के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर कृषि प्रयोजन के लिए पानी की उपलब्धता और वितरण के बारे में भी पूछा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियारपुर के भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने एनएसी, पीएनसी एवं लेबर रूम की व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराने का भरोसा दिया। नर्सिंग ऑफिसर विमलेश सिंह ने पीएचसी के माध्यम से क्षेत्रीयजनों को प्रदान की जा रही विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। जिला कलेक्टर द्वारा पन्ना-खजुराहो रेल खंड अंतर्गत ग्राम सब्दुआ में ओवरब्रिज एवं सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन कर मुआवजा वितरण के संबंध में एसडीएम से जानकारी ली गई।

## खबर संक्षेप

### खाद संकट गहराने पर किसानों का फूटा गुस्सा

**छतरपुर।** जिले में लगातार बढ़ रहे खाद संकट से परेशान किसानों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। खाद उपलब्ध न होने से नाराज़ किसानों ने सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित कृषि उपज मंडी सटई रोड पर जाम लगा दिया। अचानक लगाए गए जाम से मार्ग पर लंबा जाम लग गया, जिससे आमजन भी परेशान हुए। किसानों का आरोप है कि जिले में खाद की समस्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन प्रशासन कोई ठोस व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। कृषि विभाग और जिम्मेदार अधिकारी किसानों की पीड़ा के प्रति उदासीन बने हुए हैं, जिसके चलते उन्हें रोजाना खाद के लिए हंगामा करना पड़ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और किसानों को समझाइश देकर जाम खुलवाया।

### ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने सांसद खेल महोत्सव में दिखाया जौहर



**चंदला में सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन**

**चंदला।** चंदला-लवकुशनगर मार्ग पर स्थित शासकीय महाविद्यालय के बगल वाले मैदान में शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। चंदला क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से बड़ी संख्या में पहुंचे छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। महोत्सव के दौरान जब बच्चों को क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा से हाथ मिलाने का अवसर मिला, तो उनके चेहरे खिल उठे। सांसद ने भी बच्चों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। आपको बता दें कि क्षेत्र में लगातार जगह-जगह सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में आज चंदला में भी विद्यालयों के प्रतिभावान बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए फिट युवा विकसित भारत के संकल्प को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से यह खेल महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में अब तक 1,30,000 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जो इस महोत्सव की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का समापन 25 दिसंबर, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर होगा, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी स्वयं संबोधित करेंगे। प्रदेश की राजनीति पर बात करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में सफलतापूर्वक गुड गवर्नेंस की दिशा में कार्य किया है। त्वरित कार्रवाई और गरीबों की सहायता के लिए निरंतर प्रयास उनके कार्यकाल की विशेष उपलब्धियां हैं। कार्यक्रम में सांसद वी. डी. शर्मा के साथ मंडल अध्यक्ष गौरव दीक्षित, भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष विनय सिंह, हरप्रसाद पटेल, गोले निगम सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### कार सहित 12 पेटी अवैध शराब पुलिस ने पकड़ी



**छतरपुर।** नशा मुक्ति अभियान के तहत छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ संग्रह, विक्रय एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। थाना बाजना पुलिस को गश्त के दौरान हतना रोड में अवैध शराब तस्करी संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान पेट्रोल पम्प के पास पहुंची। कार की तलाशी लेने पर 12 पेटी अवैध शराब देशी प्लेन मदिरा पाई गई, अवैध शराब मात्रा 108 लीटर, अवैध परिवहन में प्रयुक्त दिल्ली रजिस्टर्ड नंबर स्विफ्ट कार कुल कीमत करीब 3 लाख रुपये जप्त की गई। अवैध शराब में संलिप्त फरार आरोपी के विरुद्ध थाना बाजना में आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। फरार आरोपी की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है।

# गहोई दिवस मनाने समाज ने आयोजित की बैठक



**छतरपुर।** गहोई दिवस के संबंध में एक बृहद बैठक स्थानीय धर्मशाला में संपन्न हुई इस बैठक में नगर गहोई वैश्य समाज एवं आयोजन समिति, सामूहिक विवाह महायज्ञ समिति के सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी विषयों पर चर्चा की गई। सामूहिक विवाह समारोह में अधिक से अधिक विवाह संपन्न कराने के लिए भी संकल्प लिया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम की सूचना का प्रसार प्रचार जोर-शोर से करने हेतु अपने विचार रखे बैठक में कार्यक्रम में बनाए जाने वाले अतिथियों के संबंध में भी विचार विमर्श हुआ और कुछ निर्णय हुए इसी दौरान सभी क्षेत्र प्रभारियो को सहयोग राशि एकत्रित करने हेतु रसीद बुक का आवंटन किया गया और सभी ने उत्साह से सहयोग राशि लेने के लिए रसीद बुक एवं आमंत्रण सूचना पाती गहोई बंधुओं को वितरण हेतु प्राप्त की। बैठक में सभी क्षेत्र प्रभारी के साथ नगर गहोई समाज अध्यक्ष प्रेम नारायण रूसिया आयोजन समिति के अध्यक्ष एस डी कुचया संयोजक राजेश सरावगी महासचिव उमेश बरसैयां उपाध्यक्ष निक्की बरसैंया कोषाध्यक्ष प्रद्युमन चउदा सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष श्री लक्ष्मी प्रसाद पिपरसानियां, मनोज डेंगरे, जमुना प्रसाद खरया, रमेश बृजपुरिया, बद्री प्रसाद बहरे, बृजमोहन रावत सहित अनेक स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।



# जन्म से टेढ़े-मेढ़े पैरों वाले बच्चों के लिए विशेष कैंप आयोजित

**छतरपुर।** जन्म से टेढ़े-मेढ़े पैरों की समस्या से जूझ रहे बच्चों के उपचार के लिए जिला अस्पताल में हर शुक्रवार को विशेष कैंप आयोजित किया जाता है। इस कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टर बच्चों की जांच कर उनका चरणबद्ध उपचार करते हैं। जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. रवि सोनी ने बताया कि अब तक करीब 400 बच्चों को इस शिविर का लाभ मिल चुका है।

डॉ. सोनी ने बताया कि हम लोग प्रत्येक शुक्रवार को कैम्प करते हैं। आज कुल 12 बच्चे आए हैं, जिनमें 7 नए और 5 बच्चे पहले से उपचाररत हैं। आज तीन बच्चों का ऑपरेशन भी किया जाना है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के बाद बच्चों को विशेष प्रकार के जूते भी पहनाए जाते हैं, जिससे पैरों की ग्रोथ सही दिशा में होती है। डॉ. सोनी ने कहा कि इस तरह की समस्या वाले बच्चों के परिजनों को घबराने की जरूरत नहीं है। वे सीधे जिला अस्पताल आकर इस कैंप का लाभ ले सकते हैं, जहां बच्चों का बेहतर और विशेषज्ञ उपचार किया जाता है।

# प्राचीन पुरातत्व गढ़ी हनुमान मंदिर में सुदामा चरित्र के साथ भागवत कथा का समापन

**ईशानगर।** प्राचीन पुरातत्व हनुमान गढ़ी हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का समापन गुरूवार को सुदामा चरित्र के पावन प्रसंग के साथ हुआ। कथा के अंतिम दिवस आचार्य व्यास श्री मुन्ना महाराज पहाड़गांव ने भगवान के नाम की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया।

कथा व्यास ने श्रद्धालुओं से कहा कि प्रभु के नाम में अपार शक्ति निहित है, जो जीवन के समस्त कष्टों का नाश कर कल्याण प्रदान करती है। उन्होंने सुदामा चरित्र का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे कठिन परिस्थितियों में भी सुदामा ने भक्ति और धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा। भगवान श्रीकृष्ण ने सच्चे मित्र का धर्म निभाते हुए उनके जीवन में सुख-समृद्धि का संचार किया। व्यास ने कहा कि सच्चे मन से भागवत कथा का श्रवण जीवन को सफल बनाता है।

मंदिर पुजारी बृजेंद्र चौबे ने भी उपदेश देते हुए कहा कि भगवान के नाम की महिमा अनंत है और प्रत्येक व्यक्ति को सत्य एवं धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। कथा समापन के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने व्यास द्वारा प्रस्तुत भजनों पर झूमकर आनंद लिया। कथा के



समापन पर कन्याभोज और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कथा व्यास श्री मुन्ना महाराज का पत्रकार अरविंद असाटी और छोटू तोमर ने शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम में संगीतकार फूल सिंह राजा, सचिन तबला, सरपंच निधि मिश्रा, शिवा महाराज, सुरेंद्र सिंह, मुन्ना गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत गुप्ता, बड़े राजा संतोष सेन, आकाश अनुरागी, विशाल कोरी सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

**मारपीट कर फर्जी केस लगाने का लगाया गंभीर आरोप**

# अवैध शराब के वायरल वीडियो प्रकरण में नया मोड़, पीड़ित पक्ष पहुंचा एसपी ऑफिस



**छतरपुर।** अवैध शराब से जुड़े वायरल वीडियो मामले ने शुक्रवार को नया मोड़ ले लिया, जब पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर निष्पक्ष जांच की मांग की। पीड़ित रूप सिंह यादव, निवासी ग्राम धामची थाना ओरछा रोड ने एसपी को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया कि उनके साथ मारपीट कर उन्हें अवैध शराब और देशी कट्टा रखने के झूठे मामले में फंसाया गया है।

ज्ञापन में रूप सिंह ने बताया कि 2 दिसंबर की रात करीब 2 से 3 बजे वे अपने वाहन से स्वामीदीन यादव को वरकुंवा छोड़कर लौट रहे थे। तभी रास्ते में कथित रूप से बड्डू यादव और रामकुमार यादव ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि दोनों ने उनसे मारपीट की, डराया-धमकाया और उनकी गाड़ी में अवैध शराब की 7 पेटियां व एक देशी कट्टा रखकर उनकी वीडियो बनाकर वायरल कर दी। पीड़ित ने खुद को मजदूरी कर परिवार चलाने वाला एक गरीब व्यक्ति बताते हुए कहा कि उसके साथ अन्याय हुआ है और उसे झूठे केस में फंसाया जा रहा है। साथ ही दावा किया कि घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिनकी फुटेज से सच्चाई स्पष्ट हो सकती है। उन्होंने घटनास्थल की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई और उन पर दर्ज फर्जी केस को खत्म करने की मांग की। पीड़ित पक्ष ने सीसीटीवी फुटेज भी सबूत के रूप में संलग्न करने की बात कही है।

# सांसद खेल महोत्सव का सांसद बीडी शर्मा ने किया शुभारंभ

**राजनगर**

राजनगर की शक्ति मैदान में संसद खेल महोत्सव के पहले दौर के खेलों का शुभारंभ किया गया, इस अवसर पर राजनगर और खजुराहो मंडल के खिलाड़ियों के द्वारा यहां विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई गई। सांसद खेल महोत्सव में सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने दीप प्रज्वलंन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्वयं उपस्थित रहकर के प्रतियोगिताओं का आनंद लिया तथा दर्शक दीर्घा में बैठकर खिलाड़ियों का तालियां बजाकर लगातार उत्साह बर्धन भी करते हुए दिखाई दिए, उनके साथ राजनगर क्षेत्र के विधायक अरविंद पटेरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, सांसद खेल महोत्सव के लोकसभा सहसंयोजक सिद्धार्थ शंकर सिंह बुंदेला, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रताप सिंह बुंदेला, खजुराहो नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार (पप्पू) अवस्थी, राजनगर नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, खजुराहो मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल, राजनगर मंडल अध्यक्ष कमलेश पटेल, सत्येंद्र दुबे, जिला पंचायत सदस्य पप्पू पाल, रामगोपाल शर्मा, श्रीकांत मिश्रा तथा प्रहलाद अवस्थी उपस्थित रहे। सांसद खेल महोत्सव में आज विधानसभा राजनगर के संयोजक शैलेंद्र यादव ने बताया की शक्ति के मैदान में आज खेले गए प्रथम चरण के मुकाबले में कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, दौड़ प्रतियोगिता, वॉलीबॉल तथा इंद्रजीत दीक्षित के द्वारा निर्देशित मलखंब का भी आयोजन हुआ।

सांसद खेल महोत्सव में आज विभिन्न प्रतियोगिता में उपस्थित दर्शकों की काफी संख्या देखी गई वहीं स्कूली बच्चों की उपस्थिति विशेष तौर पर नजर आई, इस दौरान एक से बढ़कर एक खेल प्रतियोगिताएं हुई जिनमें बड़ा ही रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, कार्यक्रम का सफल संचालन नेहरू युवा केंद्र से प्रदीप चौबे एवं समाज सेवी कमलेश उपाध्याय के द्वारा किया गया।



# नवागत कुलगुरू ने किया विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण

**खामियों को दूर कर धारा 52 का दाग मिटाने की कही बात**

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर के नए कुलगुरू डॉ. राकेश सिंह कुशवाहा ने ज्वाइन करने के बाद शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शासन ने धारा 52 के अंतर्गत मुझे यहां भेजा है। विश्वविद्यालय से जुड़े अधिकांश लोग मुझे पुराने समय से जानते हैं, इसलिए उम्मीद है कि सभी का सहयोग मिलेगा।



कुलगुरू ने स्पष्ट कहा कि विश्वविद्यालय पर लगे धारा 52 के दाग को जल्द से जल्द मिटाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद खामियों को समझकर छात्रों से संवाद किया जाएगा और उनकी उचित मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने का प्रयास होगा। उन्होंने बताया कि पीने के पानी की समस्या को शीघ्र दूर किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कुलगुरू ने बताया कि 15 करोड़ की लागत से पीएम ऊषा योजना के तहत एक नई बिल्डिंग का निर्माण जारी है, जबकि प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। शासन-प्रशासन के सहयोग से पहुंच मार्ग बनाना पहली प्राथमिकता रहेगी। मार्ग तैयार होते ही प्रशासनिक भवन को नई बिल्डिंग में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि शासन स्तर पर भर्तियां अभी रोकी गई हैं, लेकिन उम्मीद है कि अगले छह महीने के भीतर इस स्थिति का निराकरण होगा। विश्वविद्यालय में मौजूद कमियों को सभी के सहयोग से दूर किया जाएगा। भुगतान संबंधी अनियमितताओं पर भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कुलगुरू ने कहा कि छतरपुर में महाराजा छत्रसाल के नाम पर बना यह विश्वविद्यालय क्षेत्र के लिए गौरव है और इसे उत्कृष्ट बनाने की दिशा में हर कदम उठाया जाएगा।

# यूरिया की एक बोरी के लिए 4 किमी दौड़े अन्नदाता



### थाने में टोकन, गोदाम में खाद और बीच में भूखे-प्यासे किसान

**हरपालपुर।** शुक्रवार सुबह हरपालपुर में वह तस्वीरें सामने आईं जिन्होंने हर उस व्यक्ति का दिल दहला दिया जो खुद को किसानों का हितैषी बताता है। अन्नदाता अपनी ही भूमि की खाद के लिए सड़क पर 4 किलोमीटर दौड़ते हुए दिखाई दिए। स्थिति यह थी कि जहां टोकन था, वहां खाद नहीं और जहां खाद थी, वहां बिना टोकन के किसान बेबस खड़े थे। प्रशासन ने इस बार कृषि उपज मंडी और मार्कफेड गोदाम को छोड़ खाद वितरण की जिम्मेदारी सीधे थाने को सौंप दी। नतीजतन, सुबह 5 बजे ही हजारों किसान मार्कफेड गोदाम पहुंच गए, लेकिन वहां से एक ही जवाब मिला पहले थाने से टोकन लाओ।

**550 टोकन और हजारों किसान, कौन पाएगा खाद?**

मार्कफेड गोदाम में कुल 700 बोरी यूरिया का स्टॉक था, जबकि जरूरतमंद किसान हजारों की संख्या में पहुंचे थे। ऐसे में थाने से केवल 550 टोकन ही बांटे गए। स्पष्ट था कि हर किसान को सिर्फ एक बोरी ही मिल सकेगी।

कई किसान दूरस्थ गांवों से पैदल ही यूरिया लेने आए थे। उनका मानना था कि जल्दी पहुंचने पर खाद मिल जाएगी, लेकिन उन्हें गोदाम से थाने और फिर थाने से गोदाम तक कुल 4 किलोमीटर की 'अधिकारी-निर्मित परिक्रमा करनी पड़ी। भूख, प्यास और थकान से परेशान किसान निराश होकर लौटते दिखे।

बीते दिनों खाद वितरण के दौरान नायब तहसीलदार द्वारा एक महिला किसान को थप्पड़ मारने की घटना के बाद प्रशासन ने सुरक्षित व सुव्यवस्थित वितरण का दावा किया था। लेकिन सवाल यह है क्या सावधानी का मतलब किसानों को 4 किमी दौड़ाना है? क्या अव्यवस्था दूर हुई या किसान और अधिक परेशान कर दिए गए? थाने का स्टाफ टोकन बांट रहा था, गोदाम का स्टाफ खाद और किसान इन दोनों के बीच अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। गुस्से में कई किसानों ने कहा सरकार कहती है अन्नदाता भगवान हैं, पर इस भगवान की क्या हालत कर दी है? एक महिला किसान रोते हुए बोली सुबह से भूखी खड़ी हूं, न खाद मिली न पानी। आखिर गलती हमारी क्या है? किसानों की चिंता यह भी है कि खेती का सीजन शुरू हो चुका है, और खाद वितरण में देरी होने से फसल पर सीधा असर पड़ेगा।

# पुलिस सहायता केंद्र का आईजी ने किया लोकार्पण

**छतरपुर।**

शहर के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत महोबा रोड पर जन सहयोग से निर्मित आधुनिक पुलिस सहायता केंद्र का आज पुलिस महानिरीक्षक सागर ज़ोन सागर डॉ. हिमानी खन्ना, पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज विजय कुमार खत्री एवं पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा विधिवत लोकार्पण किया गया।

यह पुलिस सहायता केंद्र पूर्णतः आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें वातानुकूलन, वेंटिलेशन, विश्राम हेतु पृथक केबिन, दो बेड, प्रकाश, फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। चौकी 24 घंटे जनसेवा हेतु खुली रहेगी। यह क्षेत्र एक मिश्रित आबादी एवं बाहरी लोगों के आवागमन वाला क्षेत्र है, चौकी के निर्माण में नगर वासियों ने सहयोग किया। उद्घाटन के उपरांत पुलिस अधिकारियों ने चौकी का निरीक्षण किया। आवश्यक व्यवस्थाओं एवं जन सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। जन सहयोग से निर्मित यह पुलिस सहायता केंद्र जन सेवा हेतु समर्पित है।

इस पुलिस सहायता केंद्र के खुलने से थाना कोतवाली क्षेत्र के नगरवासियों एवं आवागमन करने वाले राहगीरों के लिए सुविधा रहेगी। यह मार्ग सागर कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग है। फोरलेन हाईवे सहित विभिन्न मार्गो से लिंक मार्ग भी है। अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के मूवमेंट पर निगरानी रहेगी एवं आपराधिक गतिविधि पर नियंत्रण रहेगा। इस क्षेत्र में आकस्मिक पुलिस सेवा डायल 112, थाना के मोबाइल, इंटरसेप्टर, चीता मोबाइल, अतिरिक्त मोबाइल पार्टी निरंतर पेट्रोलिंग में रहेंगे।

लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात जनप्रतिनिधि, क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में जनसंवाद कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जनसंवाद में आपराधिक गतिविधि



में नियंत्रण हेतु विस्तार से चर्चा की गई। साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों द्वारा पुलिस जनसंवाद, ऑनलाइन शिकायतकर्ताओं से संवाद, नशे से दूरी इत्यादि अभियानों की प्रशंसा की गई। क्षेत्र वासियों की आवश्यकता अनुसार झांसी-खजुराहो फोरलेन पर भी शीघ्र नवीन पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किया जाएगा।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले, नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक बृहस्पति साकेत, थाना प्रभारी ओरछा रोड उप निरीक्षक दीपक यादव, जानराय टोरिया से श्रृंगारी जी महाराज, नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पत्रकारबंधु, जिला बस ऑपरेटर्स यूनियन, व्यापारीगण, क्षेत्रवासी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऊर्जा से आगे नेतृत्व की नई दिशा - आरएलआई विन्ध्याचल में 'प्रेरणा' टॉक सीरीज का सफल आयोजन



**सिंगरौली। आरएलआई एनटीपीसी विन्ध्याचल द्वारा 03 एवं 04 दिसंबर 2025 को प्रेरणा – लीडरशिप टॉक सीरीज़ के अंतर्गत दूसरी वार्ता का सफल आयोजन किया गया। "मेगावॉट्स से माइंडसेट्स तक" विषय पर आधारित यह कार्यक्रम चार प्रभावशाली सत्रों में सम्पन्न हुआ, जिसमें विन्ध्याचल एवं सिंगरौली परियोजनाओं से कुल 128 कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।**



कार्यक्रम का शुभारंभ श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विन्ध्याचल) के प्रेरणादायी संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने ऊर्जा परिदृश्य में तेजी से हो रहे परिवर्तन और हरित व नवीकरणीय ऊर्जा के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को सतत विकास के अनुरूप आगे बढ़ने का आह्वान किया। उद्घाटन सत्र की विशेष उपस्थिति में सिंगरौली से आए वरिष्ठ अतिथिगण श्री जोसेफ बास्टियन, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) और श्री पियूष श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (रसायन) एवं विन्ध्याचल के वरिष्ठ अधिकारी श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक(चिकित्सा) तथा श्री देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक(तकनीकी सेवाएँ) सम्मिलित रहे।

डॉ. देबसमिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (आरएलआई) ने स्वागत संबोधन में वरिष्ठ नेतृत्व एवं दोनों स्टेशनों से आए प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रेरणा श्रंखला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वास्तविक प्रेरणा ही सार्थक क्रियान्वयन की ओर ले जाती है तथा यह मंच युवा और अनुभवी नेतृत्व दोनों को भविष्य की नेतृत्व क्षमता से सशक्त बनाने का संकल्प लिए हुए है। सत्रों में ग्लोबल बिज़नेस एवं पीपल लीडरशिप स्ट्रेटेजिस्ट श्री राजीव भदौरिया द्वारा मानव-केंद्रित नेतृत्व, सामर्थ्य, अनुकूलनशीलता एवं भारतीय प्राचीन ज्ञान पर आधारित मूल्यवान विचार साझा किए गए। ऐसे आयोजनों के माध्यम से आरएलआई विन्ध्याचल, एनटीपीसी के विभिन्न परियोजनाओं को प्रेरणा, सहयोग और नेतृत्व विकास के एक सशक्त मंच पर जोड़ते हुए उत्कृष्टता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है । यह संदेश पूरे कार्यक्रम में सार रूप में उभरकर सामने आया।

# एनसीएल ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में सीएसआर के तहत आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु एनएसटीएफडीसी के साथ किया एमओयू



**मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 17,000 से अधिक आदिवासी छात्रों को मिलेगा लाभ**

**सिंगरौली।** स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने गत गुरुवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसटीएफडीसी) के साथ एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में सीएसआर के तहत आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु एमओयू किया। इस एमओयू का उद्देश्य एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में नामांकित जनजातीय छात्रों को करियर मेंटरशिप, डिजिटल शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के जरिए सशक्त बनाना है।इस दौरान समझौता ज्ञापन पर एनसीएल की ओर से प्रबंधक (सिविल/सीएसआर), अभिनव दीक्षित एवं एनएसटीएफडीसी की ओर से उप महाप्रबंधक, बिस्मिता दास ने हस्ताक्षर किए। एमओयू के तहत एनसीएल द्वारा सीएसआर के तहत मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्यों में स्थित 45 ईएमआरएस में डिजिटल शिक्षण इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए 4.8 करोड़ रुपये का वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाएगा। एनसीएल की इस पहल से 17,000 से अधिक आदिवासी छात्रों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जनजातीय कार्य सचिव, रंजना चोपड़ा, उप महानिदेशक, कोयला मंत्रालय , चेतना शुक्ला और जनजातीय कार्य मंत्रालय तथा एनएसटीएफडीसी एवं एनसीएल से अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## कमिश्नर गूगल मीट से करेंगे आवेदनों के निराकरण की समीक्षा

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद प्रत्येक माह के तीसरे मंगलवार को गूगल मीट के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर तथा एजेण्डा बिन्दुओं में शामिल विषयों से संबंधित अधिकारी शामिल होंगे।

## रैनबसेरा हास्पिटल चौक में आज लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर

**रीवा।** नगर निगम रीवा में प्रमुख अस्पतालों के साथ-साथ तीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 10 संजीवनी क्लीनिक रोगियों को उपचार सहायता दे रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 18 दिसम्बर तक निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं। इनमें चिकित्सकों के दल तथा तकनीशियन तैनात रहेंगे। अटल आश्रय स्थल रैनबसेरा हास्पिटल चौक में 6 दिसम्बर को शिविर लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी शहरी क्षेत्र इन शिविरों में उपचार की समुचित व्यवस्था करें।

## सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 11 दिसम्बर को

**रीवा।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 11 दिसम्बर को दोपहर 2.30 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की जा रही है। इसकी अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल करेंगी। बैठक में जिला पंचायत की स्थाई उप समितियों द्वारा पारित प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत संचालित एकल और समूह नलजल योजनाओं के कार्यों, नईगढ़ी माइक्रो सिंचाई परियोजना तथा त्योंथर फ्लो सिंचाई परियोजना एवं बहुती सिंचाई परियोजना की प्रगति के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने समिति के सभी सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## उप मुख्यमंत्री आज होमगार्ड स्थापना दिवस समारोह में होंगे शामिल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 6 दिसम्बर को होमगार्ड स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सुबह 10 बजे होमागर्ड परेड मैदा पहुंचकर परेड की सलामी लेंगे तथा परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद होमगार्ड जवानों द्वारा मार्चपास्ट किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री समारोह में होमगार्ड स्थापना दिवस संदेश का वाचन करेंगे तथा मेधावी विद्यार्थियों एवं होमगार्ड जवानों को पुरस्कृत करें। उप मुख्यमंत्री होमगार्ड परिसर में निर्मित नवीन सैनिक बैरक का लोकार्पण भी करेंगे।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पर भेदभाव करने का आरोप

**बड़वारा।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने भेदभाव के संबंधी शिकायत अनुविभागीय अधिकारी को सौंपी गई है। शिकायत में बताया गया है कि ग्राम पंचायत खुर्सी (माझागवा) में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता माया बर्मन के द्वारा SC, ST समाज के लोगों के साथ भेदभाव किया जाता है। जैसे की रजिस्टर में साइन कराया जाता है दूर से फेंक कर। पूछने में बताया जाता है कि मैं बोतल में पानी लिए है और यह जात के चौधरी हैं। इसलिए मैं अपनी बोतल नहीं छुआ सकती। भीम आर्मी के पदाधिकारी उस जगह मौजूद थे जो कि उनके सामने यह घटना घटित हुई है। मोहल्ले के लोगों को जाति सूचक शब्द बोलते हुए आगे निकल गई और यह भी बोल रही थी कि तुमसे जो बन सके कर लेना हम ऐसे ही करते हैं और करते रहेंगे। शिकायत पत्र सौंपते समय भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष चंद्रभान बौद्ध जिला उपाध्यक्ष जय सूर्यवंशी जिला सचिव अनिमेष पटेल सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने संजीवनी अस्पताल चिरहुला का किया निरीक्षण

# अस्पताल की उपचार और साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर करें - कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने शहरी क्षेत्र में संचालित अस्पतालों के निरीक्षण के क्रम में संजीवनी अस्पताल चिरहुला का निरीक्षण किया। अस्पताल में उपस्थित रोगियों से कलेक्टर ने उपचार सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित मेडिकल आफीसर को निर्देश देते हुए कहा कि संजीवनी अस्पताल में उपचार की सुविधाएं बेहतर करें। गर्भवती महिलाओं का पंजीयन करके जानकारी पोर्टल पर दर्ज कराएं। इनकी समय पर जाँच सुनिश्चित करें। अस्पताल में आने वाले रोगियों का विवरण प्रतिदिन दर्ज करें। संचारी रोगों के साथ-साथ गंभीर रोगों की जाँच की भी सुविधा दें। अस्पताल में नियमित साफ-सफाई कराएं। अस्पताल से प्रतिदिन निकलने वाले मेडिकल वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से निपटान करें। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित मुख्य



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला को निर्देश देते हुए कहा कि संजीवनी अस्पताल में उपलब्ध उपचार सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, जिससे चिरहुला, ललपा, छत्रपति नगर तथा आसपास के क्षेत्र के रोगी इससे लाभ उठा सकें। अस्पताल में 16 दिसम्बर को आयोजित होने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का भी ठीक से प्रचार-प्रसार कराएं। अस्पताल में रोगियों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था करें। कलेक्टर ने रोगियों की जाँच तथा दवा वितरण के संबंध में निर्देश दिए। मेडिकल आफीसर डॉ राजीव तिवारी ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के पंजीयन की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर दी गई है। निरीक्षण के समय एसडीएम हुजूर डॉ अनुराग तिवारी, शहरी नोडल अधिकारी डॉ केबी गौतम तथा अन्य चिकित्साकर्मी उपस्थित रहे।

# त्योंथर और गोविंदगढ़ में नालियों के गंदे पानी का होगा उपचार

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में नगर पंचायत त्योंथर तथा गोविंदगढ़ में नालियों के गंदे पानी को उपचारित करने के प्रोजेक्ट की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि निर्धारित प्रोजेक्ट के अनुसार नगरीय क्षेत्र की सभी नालियों के गंदे पानी को उपचारित करने की व्यवस्था करें। गंदे पानी को उपचारित करने के बाद ही नदी अथवा अन्य जलस्त्रोत में छोड़ें। इसके लिए सभी नालियों के पानी को एकत्रित करने के लिए नालियों को आपस में जोड़ना आवश्यक है। जहाँ आवश्यकता हो वहाँ नाली निर्माण भी अनिवार्य रूप से कराएं। अन्य नगरीय निकायों में भी इस प्रोजेक्ट को लागू करें।बैठक में प्रोजेक्ट बनाने वाली संस्था के प्रतिनिधि ने बताया कि त्योंथर में वेटलैण्ड टेक्नालॉजी का उपयोग करके नाली के पानी को साफ किया जाएगा। इसके लिए 1.5 एकड़ जमीन में सीवरेज ट्रीट प्लांट बनाया जाएगा। नगरीय क्षेत्र की नालियों के पानी को एकत्रित करके इस प्लांट के माध्यम से साफ



करके नदी में छोड़ा जाएगा। इसके अलावा चार स्थानों पर सैंड ग्रेवल फिल्टर बनाए जाएंगे। इनके माध्यम से भी गंदे पानी को साफ किया जाएगा। प्रोजेक्ट में 230 मीटर नाली निर्माण का कार्य शामिल है। गोविंदगढ़ के लिए भी प्रोजेक्ट तैयार कर दिया गया है। इसमें एक पंपिंग स्टेशन, एक सीवरेज ट्रीट प्लांट तथा नाली निर्माण शामिल है। सभी निर्माण कार्य स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत कराए जा रहे हैं। निर्माण कार्यों के लिए जमीनें चिन्हांकित कर ली गई हैं। बैठक में संभागीय कार्यपालन यंत्री तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिरमौर मार्ग पर ज़ीरो फ़ैटेलिटी प्रोग्राम के अंतर्गत विशेष प्रवर्तन अभियान, 29 वाहनों पर कार्यवाही

जिले में सड़क दुर्घटनाओं को शून्य स्तर तक लाने के उद्देश्य से संचालित Zero Fatality Districts Programme के तहत रीवा–सिरमौर मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग–135B) पर परिवहन विभाग द्वारा एक विशेष संयुक्त प्रवर्तन अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई जिले के उन 20 महत्वपूर्ण दुर्घटना–संभावित बिंदुओं पर की गई, जहाँ पूर्व में घातक सड़क दुर्घटनाएँ दर्ज की गई थीं।इस प्रवर्तन अभियान में रीवा आर टी ओ के साथ परिवहन सुरक्षा स्कवाड और बैकुंठपुर थाना पुलिस का संयुक्त दल भी शामिल रहा। टीमों ने मार्ग पर स्टैटिक तथा डायनेमिक—दोनों प्रकार से वाहन जांच की। इस दौरान तेज गति, लापरवाही से वाहन चलाना, बिना हेलमेट, बिना बीमा,सीट बेल्ट का उपयोग न करना, वैध दस्तावेजों का अभाव तथा मोटरयान अधिनियम के अन्य उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान आज कुल जिले भर में 29 वाहनों पर विभिन्न उल्लंघनों के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई।जिला कलेक्टर एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष द्वारा पूर्व में ही निर्देश दिए गए थे कि रीवा जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दुर्घटना-बहुल क्षेत्रों में सघन प्रवर्तन अभियान चलाया जाए।उसी के क्रम में यह कार्रवाई की गई।इसके पूर्व SaveLIFE Foundation द्वारा रीवा जिले के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में भी यह तथ्य सामने आया था कि मध्य प्रदेश के छह जिले देश के शीर्ष 100 अधिक घातक दुर्घटना वाले जिलों में शामिल हैं, जिनमें रीवा भी सूचीबद्ध है।Zero Fatality Districts Programme के अंतर्गत जिले में दुर्घटनाओं को कम करने के लिए तीन प्रमुख स्तंभों—रोड इंजीनियरिंग सुधार, प्रवर्तन (Enforcement) तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया (Emergency Response) —पर समानांतर रूप से कार्य किया जा रहा है। इस विशेष प्रवर्तन अभियान का मुख्य उद्देश्य दुर्घटना-प्रवण क्षेत्रों में यातायात अनुशासन स्थापित करना, ओवरस्पीडिंग व हेलमेट–रहित संचालन पर नियंत्रण पाना तथा सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को सुनिश्चित करना है।जिला प्रशासन ने वाहनों के सुरक्षित संचालन हेतु आम नागरिकों से यातायात नियमों के पालन, वैध दस्तावेज साथ रखने तथा सुरक्षित ड्राइविंग की आदत अपनाने की अपील की है, ताकि रीवा जिले को शून्य-घातक दुर्घटना वाला जिला बनाने के उद्देश्य को प्राप्त किया जा सके।

# बीएलओ ड्यूटी से लौटे शिक्षक पर सरहंग ने किया जानलेवा हमला, हाथ फैक्चर

### जवा थाना में शिकायत दर्ज कराने के बाद पीड़ित पहुंचे एसपी आफिस

**रीवा। शासकीय शिक्षक से एक सरहंग किस्म के युवक ने बीती रात जानलेवा हमला किया। शिक्षक बीएलओ ड्यूटी कर वापास अपने घर लौट रहा था जहां घर के समीप ही आरोपी ने उसके ऊपर लाठी से हमला कर दिया। हमले में शिक्षक का हाथ फैक्चर हो गया जबकि शरीर में कई जगह चोट पहुंची है।**

घटना जवा थाना क्षेत्र के बबंधर गांव की है। घटना के संबंध में पीड़ितों ने जवा थाना में घटना की शिकायत दर्ज करवाई जिसके बाद वो न्याय की गुहार लगाने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। पीड़ित शिक्षक ज्ञान चंद्र गुप्ता ने बताया कि वो शासकीय विद्यालय बरेतीकला में पदस्थ है। बुधवार की शाम वह वापस अपने घर बाइक से आ रहे थे, तभी जैसे ही वो अपने गांव बवंधर पहुंचे एक सरहंग ने उसे रोक लिया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी अजीत तिवारी उर्फ जीते निवासी किरहाई ने उनसे शराब पीने के लिए पैसा मांगा और जब वो मना कर दिए तो गाली गलौज करते हुए डंडा से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी ने उनकी बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ितों ने बताया कि इसके पूर्व भी आरोपी ने 19 अगस्त को उनके घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पीड़ितों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

जवा के बवंधन गांव से शिकायत लेकर जिला मुख्यालय आए पीड़ित शिक्षक ज्ञानचंद्र गुप्ता उनकी पत्नी कमला गुप्ता व बच्चों ने जवा थाना पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए है। पीड़ितों ने बताया कि जवा थाना में आरोपी की एक महिला रिश्तेदार पदस्थ है, जो उनका बचाव कर रही है, पूर्व में भी आरोपी ने हमला किया था। पीड़ितों ने बताया कि आरोपी से उन्हे जान का खतरा है, जिससे वो घर जाने से डर रहे है। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से जान माल की सुरक्षा कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# 108 एंबुलेंस में सवारी ढोने का वीडियो वायरल

### मऊगंज के देवतालाब का बताया जा रहा मामला

**रीवा।** अपातकालीन सेवा डायल 108 भले ही समय पर मरीजों को लेने न पहुंचे पाए लेकिन इसके दुरुपयोग के मामले लगातार सामने आ रहे है, पूर्व में एंबुलेंस से तस्करी के मामले सामने आने के बाद अब सवारी ढोने का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो मऊगंज के देवतालाब का बताया जहां रहा है जहां एम्बुलेंस में सवारियां बैठाई जा रही है। बताया गया है कि रीवा से एम्बुलेंस किसी जननी को लेकर मऊगंज जिले के खटखरी गई थी। खटखरी से वापस आते समय सवारियां बैठा ली गई थी जिनको देवतालाब में उतारा जा रहा था। एंबुलेंस से जब सवारी उतारी जा रही थी तभी कुछ स्थानीय लोगों ने वीडियो बना लिया जो अब वायरल हुआ है। वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों के कान खड़े हो गए है। आरोप है कि मरीजों को छोड़कर वापस लौटते समय कर्मचारी आपातकालीन सेवा का इस्तेमाल सवारी ढोने में कर रहे है। फिलहाल अधिकारियों ने वायरल वीडियो को संज्ञान में लिया है। और उक्त गाड़ी को चिह्नित किया जा रहा है। विदित हो कि इसके पूर्व में भी एम्बुलेंस में सवारी बैठाने के वीडियो वायरल हो चुके हैं। संजय गांधी अस्पताल के समीप भी शासकीय एम्बुलेंस वाहन में भी सवारी बैठाई गई थी, जिसका दूसरे वाहन चालकों ने विरोध किया था और विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। मामले में ऋषिराज गौतम नोडल अधिकारी 108 एम्बुलेंस ने बताया कि एक वीडियो वायरल हुआ है जो मऊगंज जिले का बताया जा रहा है। इस वीडियो में एम्बुलेंस वाहन में सवारियां बैठाने की जानकारी दी जा रही है। वीडियो की सत्यता का पता लगाया जायेगा, जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# माँ की बगिया का जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

**रीवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर जनपद पंचायत गंगेव अंतर्गत ग्राम पंचायत बाँस में संचालित 'माँ की बगिया' परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुमन राजमणि केवट द्वारा संचालित बगिया की व्यवस्थाओं, पौधारोपण और रखरखाव की सराहना की। इस दौरान जनपद सीईओ गंगेव प्राची चौबे सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। सीईओ ने हितग्राही सुमन राजमणि केवट की माँ की बगिया निरीक्षण करते हुए कहा कि लगन और मेहनत अन्य हितग्राहियों के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने बगिया में लगाए गए विभिन्न फलदार और छायादार पौधों का अवलोकन किया और उनकी देखरेख के तरीकों की जानकारी ली। सीईओ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वयं सहायता के साथ ऐसी पहलें रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही हैं। किसान द्वारा माँ की बगिया' में सिंचाई के लिए पानी टैंक, बाउंड्री का निर्माण कार्य स्वयं किया गया है। इस पर सीईओ ने संतोष जताते हुए कहा कि इस तरह का स्व-सहभागिता मॉडल परियोजना की सफलता को मजबूत करता है। उन्होंने हितग्राही को कार्य समय-सीमा में पूरा



करने के निर्देश दिए और पंचायत प्रतिनिधियों को हर संभव सहयोग प्रदान करने की बात कही। सीईओ ने पंचायत सचिव और रोजगार सहायक को निर्देशित किया कि बगिया में पौधों की नियमित सिंचाई, संरक्षण और रखरखाव की निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि परियोजना का उद्देश्य प्रभावी रूप से पूरा हो सके। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे 'माँ की बगिया' जैसी योजनाओं से जुड़कर अपनी आय के नए साधन विकसित करें। निरीक्षण के दौरान पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीण और संबंधित विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। सीईओ ने कहा कि यदि इस मॉडल को अन्य पंचायतें भी अपनाती हैं, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार मिलेगा और हितग्राहियों के लिए स्थायी आजीविका के अवसर तैयार होंगे।

# नईगढ़ी अस्पताल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान नईगढ़ी अस्पताल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित बीएमओ तथा अन्य चिकित्साधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल की उपचार व्यवस्था बेहतर करें। पोषण पुनर्वास की साफ-सफाई तथा पुताई तत्काल कराएं। पोषण पुनर्वास केन्द्र में स्वीकृत सभी बेड में कम पोषित बच्चों को भर्ती करें। पोषण पुनर्वास केन्द्र से 15 दिन बाद घर जाने वाले बच्चों का लगातार तीन महीने तक फालो करें, जिससे बच्चा पुनः कुपोषण का शिकार न हो। सभी डॉक्टर सेवाभाव से रोगियों का उपचार करें। व्यक्ति अपनी पीड़ा लेकर अस्पताल आता है। संवेदनशीलता और तत्परता से उसका उपचार करें। कलेक्टर ने नईगढ़ी अस्पताल के प्रसव केन्द्र, दवा स्टोर तथा भर्ती कक्ष का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने रोगियों से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद कलेक्टर ने निर्माणाधीन नवीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को भवन की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। नवीन भवन का निर्माण होने के बाद नईगढ़ी अस्पताल में 50 रोगियों के भर्ती होने की सुविधा मिल जाएगी। निरीक्षण के समय बीएमओ, तहसीलदार तथा अन्य अधिकारी कलेक्टर के साथ रहे।

# आपकी पूंजी आपका अधिकार शिविर का हुआ आयोजन



**मऊगंज।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक व एसएल बीसी भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में मऊगंज जिला अग्रणी बैंक कार्यालय- मऊगंज द्वारा आपकी पूंजी आपका अधिकार शिविर का आयोजन किया गया ,जिसमें संयुक्त कलेक्टर ए के पाण्डेय एसबीआई रीजनल ऑफिस से अनिमेष जी LDM मऊगंज ज्योत्सना अग्रवाल एवं सभी बैंकों के जिला समन्वयको ने भाग लिया। शिविर मे एसबीआई से अनिमेष ने सभी से unclaimed deposit जो पिछले 10 सालों से जमा खातो में लेनदेन नहीं होने के कारण भारतीय रिजर्व बैंक में अंतरित हो गई हैं उन्हें वापस लाने के बारे में जानकारी दी। संयुक्त कलेक्टर पांडे ने सभी शासकीय विभागों को एक सप्ताह में कार्यवाही कर यह प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। ज्योत्सना अग्रवाल एलडीएम जो कि इस कैंपेन के नोडल अधिकारी है, ने सभी से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के समापन में ज्योत्सना अग्रवाल द्वारा उपस्थित सम्माननीय का आभार व्यक्त किया गया।